राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह जनवरी, 2026 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता है । राज्य का माह जनवरी, **2026** का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक **407.34** (प्रावधानिक) अंक रहा । सूचकांक में गत माह दिसम्बर, **2025** के सूचकांक **403.04** की तुलना में **1.07** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति जनवरी, **2026** में **2.27** प्रतिशत (जनवरी **2025** की तुलना) रही है । माह जनवरी, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक **456.92**, ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक **585.40** तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक **315.57** अंक रहा है । राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है-

1. प्राथमिक वस्तु समूह (भार **33.894%**): माह जनवरी, **2026** में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **456.92** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **1.66** प्रतिशत की वृद्धि देखी गई । प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **1.35** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह में **3.61** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह में **0.43** प्रतिशत एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **3.13** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **3.20** प्रतिशत, फलों में **27.81** प्रतिशत, अंडे, माँस और मछली में **1.00** प्रतिशत, मसालों में **1.20** प्रतिशत, रेशों में **8.20** प्रतिशत, तिलहन में **1.49** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य समूह में **6.58** की वृद्धि दर्ज की गई । खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **3.61** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः जिप्सम में **1.75** प्रतिशत, चाँदी में **42.53** प्रतिशत, स्टेटाईट सॉप में **2.60** प्रतिशत एवं इमारती पत्थर में **0.54** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (जनवरी, **2026** की तुलना जनवरी, **2025** में) **2.06** प्रतिशत दर्ज की गई है ।
2. ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार **16.253%**): माह जनवरी, **2026** के दौरान ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह का सूचकांक **585.40** रहा, जो गत माह में **579.61** था जिसमें गत माह की तुलना में **1.00** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । इस समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कोयला उप समूह में **17.17** प्रतिशत होना रहा । ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (जनवरी, **2026** की तुलना जनवरी, **2025** में) **3.04** प्रतिशत दर्ज की गई ।
3. विनिर्मित उत्पाद समूह (भार **49.853%**): जनवरी, **2026** के दौरान इस समूह का सूचकांक **315.57** अंक रहा, जो गत माह में **313.91** रहा जिसमें गत माह की तुलना में **0.53** प्रतिशत की वृद्धि पाई गई । विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत बेवरेज एवं तंबाकू उप समूह में **0.39** प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी से बने उत्पाद उप समूह में **0.03** प्रतिशत, गैर धात्विक एवं खनिज उत्पाद उप समूह में **2.42** प्रतिशत, बुनियादी कीमती एवं अलौह धातुओं उप समूह **0.21** प्रतिशत, सामान्य प्रयोजन मशीनरी उप समूह में **0.18** प्रतिशत एवं मोटर वाहन उत्पाद उप समूह में **0.28** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (जनवरी, **2026** की तुलना जनवरी, **2025** में) **2.02** प्रतिशत दर्ज की गई ।

थोक मूल्य सूचकांक जनवरी, 2026 (आधार वर्ष 1999-2000=100)

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन जनवरी, 2026 में	
			जनवरी*, 2026	दिसम्बर, 2025	जनवरी, 2025	दिसम्बर, 2025	जनवरी, 2025
I	प्राथमिक वस्तु समूह	**33.894**	**456.92**	**449.44**	**447.69**	**1.66**	**2.06**
(अ)	कृषि वस्तुओं के उप समूह	**29.933**	**444.89**	**438.95**	**441.97**	**1.35**	**0.66**
(ब)	खनिज उप समूह	**3.961**	**547.83**	**528.74**	**490.95**	**3.61**	**11.59**
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	**16.253**	**585.40**	**579.61**	**568.11**	**1.00**	**3.04**
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	**49.853**	**315.57**	**313.91**	**309.32**	**0.53**	**2.02**
सामान्य सूचकांक		**100.00**	**407.34**	**403.04**	**398.28**	**1.07**	**2.27**

*प्रावधानिक

RajKaj Ref No.: 20848242